दैनिक जागरण 30/09/2024

खुले में 'शौच से मुक्ति' स्वच्छ भारत का लक्ष्य

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी की एनसीसी गर्ल्स विंग द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अगुवाई में "खुले में शौच से मुक्ति का महत्व" विषय पर एक व्याख्यान करवाया कराया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डा. सरोज बाला एनएसएस अधिकारी ने कैडेट्स को बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच करने की प्रवृति भारत के विकास की अनेक चुनौतियों में एक प्रमुख कारण साबित हुई है। देश का सबसे बड़ा अभियान स्वच्छ भारत मिशन का लक्ष्य है। हालांकि भारत ने खुले में शौच (ओडी) को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन यह अभी भी सबसे गरीब नागरिकों और मध्य और पूर्वी भारतीय राज्यों में प्रचलित है। उन्होंने बताया कि इससे मुक्ति भारत की बहुत सी परेशानियों को समाप्त कर देंगी। वहीं सीटीओ डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि खुले में शौच (ओडी) एक वैश्विक स्वास्थ्य समस्या है जो बीमारी, गरीबी और अन्य समस्याओं का कारण बन सकती है। उन्होंने कैडेट्स को प्रोत्साहित किया कि वो अपने गांव की सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा स्वच्छता की जागरूकता अधिक अधिक से फैलाए। इस कार्यक्रम में 45 गर्ल्स कैडेट्स ने सक्रिय भूमिका निभाई।